# CBSE

## ANNUAL EXAMINATION 2019-20
## SUBJECT–HINDI (SET-2)

**CLASS - IX** **M.M-80**
**TIME-3hrs**

सामान्य निर्देश–

1.इस प्रश्न–पत्र में चार खंड है--क,ख,ग और घ।

2.यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

### खण्ड–क (अपठित अंश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (10)

मनुष्य का जीवन अमूल्य है, जो संसार में विशिष्ट स्थान रखता है। समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। प्रकृति के समस्त कार्य समय पर होते हैं। समय की गति बड़ी तीव्र होती है। जो उससे पिछड़ जाता है, वह सदैव पछताता रहता है। अतः आवश्यकता है समय के सदुपयोग की। समय वह धन है जिसका सदुपयोग न करने से वह व्यर्थ चला जाता है। हमें समय का महत्व तब ज्ञात होता है जब दो मिनिट विलंब के कारण गाड़ी छूट जाती है। जीवन में वहीं व्यक्ति सफल हो पाते हैं जो समय का पालन करते हैं। हमारे देश में समय का दुरुपयोग बहुत होता है। बेकार की बातों में व्यर्थ समय गँवाया जाता है। मनोरंजन के नाम पर भी बहुत समय गँवाया जाता है। बहुत से व्यक्ति समय गँवाने में ही आनंद का अनुभव करते हैं। यह प्रवृत्ति हानिकारक है। समय खोकर कोई व्यक्ति सुखी नहीं रह सकता। जूलियस सीजर सभा में पाँच मिनिट देर से पहुँचा और अपने प्राणों से हाथ धो बैठा। अपनी सेना के कुछ मिनिट् देर से पहुँचने के कारण नेपोलियन को नेल्सन से पराजित होना पड़ा। समय किसी की बाट नहीं देखता।

अ– यहाँ मनुष्य जीवन के विषय में क्या कहा गया है?
ब– समय की क्या विशेषता है?
स– समय का दुरुपयोग कैसे होता है?
द– सेना समय पर न पहुँचने से नेपोलियन को क्या सजा भुगतनी पड़ी?
इ– इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

### खण्ड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए। (4)

क– 'अपव्यय'शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए।
ख– 'निर'उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए।
ग– 'अकथनीय' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग,प्रत्यय एवं मूल शब्द अलग कीजिए।
घ– 'अक्कड़' प्रत्यय के योग से नवीन शब्द बनाइए।

प्रश्न 3. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए। (4)

क–चक्रधर ख–आचार–विचार ग–घुड़सवार घ–सप्तर्षि

प्रश्न 4. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए। (4)

क– सोनिया नवीं कक्षा में पढ़ती है।(विस्मयसूचक)
ख– तरक्की करो।(इच्छासूचक)

**वाक्य पहचानिए।**

क– घर से बाहर निकल जाओ।
ख– रोहित आम नहीं खा रहा है।

18



https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 5. निम्नलिखित पंक्तियों में आए अलंकार पहचानिए।** (4)

क– वही उठती उर्मियों–सी शैलमालाएँ।
ख– नभपर चमचम चपला चमकी।
ग– चरन–कमल बंदौं हरिराई।
घ–कनक–कनक तैं सौ गुनी......।

**खण्ड–ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (6)

वही प्रोफेसर राजमोहन वर्मा आगे चलकर जम्मू यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर रहे, गोरखपुर यूनिवर्सिटी के भी रहे। कहने का तात्पर्य यह है कि मेरे छोटे भाई का नाम वही चला जो ताई साहिबा ने दिया। उनके यहाँ भी हिंदी चलती थी, उर्दू भी चलती थी। यों, अपने घर में वे अवधी बोलते थे। वातावरण ऐसा था उस समय कि हम लोग बहुत अधिक निकट थे। आज की स्थिति देखकर लगता है, जैसे वह सपना ही था। आज वह सपना खो गया। शायद वह सपना सत्य हो जाता तो भारत की कथा कुछ और होती।

(क) मनमोहन वर्मा कौन थे? उनका नाम गद्यांश में किस संदर्भ में लिया गया है?
(ख) उस समय की स्थिति की क्या विशेषता थी? आज की स्थिति में वह सापना क्यों दिखाई देता है?
(ग) 'भारत की कथा कुछ और होती' कथन में निहित लेखिका का उद्देश्य लिखिए।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए।** (8)

(क) अतिथि देवो भव की भारतीय परिकल्पना तिब्बत में भी प्रचलित है पाठ 'ल्हासा की ओर' के आधार पर स्पष्ट करें।
(ख) लेखिका महादेवी जी द्वारा मिशन स्कूल छोड़ने के क्या कारण थे?
(ग) सेनापति हे की मैना के प्रति सहानुभूति क्यों थी?
(घ) आप कैसे कह सकते हैं कि हीरा मोती से अधिक समझदार था? पाठ 'दो बैलों की कथा' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
(ड) साँवले सपनों की याद पाठ के आधार पर सालिम अली के किन्हीं दो गुणों का उल्लेख कीजिए।

**प्रश्न 8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (6)

पर आज जिधर भी पैर करके सोओ
वहीं दक्षिण दिशा हो जाती है
सभी दिशाओं में यमराज के आलीशान महल हैं
और वे सभी में एक साथ
अपनी दहकती आँखों सहित विराजमान हैं
माँ अब नहीं है
और यमराज की दिशा भी वह नहीं रही
जो माँ जानती थी।

(क) सोने के लिए अब दिशा ज्ञान की आवश्यकता क्यों नहीं है?
(ख) वर्तमान यमराज का वर्णन कवि ने किस प्रकार किया है?
(ग) 'महल' व 'आँखों' के लिए किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है?



https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए। (8)

(क) 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता में वर्णित चिड़िया कैसी थी? वह अपना शिकार कैसे करती थीं?

(ख) कोयल की कूक पर कवि ने अपनी क्या प्रतिक्रिया दी है?

(ग) 'हिमकर निराश कर चला रात भी काली' का भाव स्पष्ट कीजिए। बताइए कि कवि को कोयल भी कैसे प्रतीत हो रही है और क्यों?

(घ) मेघ के आने पर पेड़ अपनी खुशी किस प्रकार प्रकट करते हैं?

(ङ) ' बच्चे काम पर जा रहे हैं'कविता में कवि ने समाज के लिए क्या संदेश दिया है ?

प्रश्न 10.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए। (6)

(क) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर उमा का चरित्रांकन कीजिए।

(ख) 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर लेखिका के माँ का व्यक्तित्व निरुपित कीजिए।

(ग) माटीवाली ने ऐसा क्यों कहा कि– गरीब का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए।

## खण्ड–घ (लेखन)

प्रश्न 11.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए। (10)

1–साइबर अपराध से कैसे बचें–
प्रस्तावना, विषय विस्तार, उपसंहार

2–योग और व्यायाम–
प्रस्तावना, विषय विस्तार, उपसंहार

3–संगति का महत्व–
प्रस्तावना, विषय विस्तार, उपसंहार

प्रश्न 12.ग्रीष्मावकाश में विद्यालय में हिंदी रचनात्मक लेखन प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का अनुरोध करते हुए विद्यालय की प्राचार्या को एक पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए। (5)

या

आपके घर के आसपास बिक रहे खाद्य–पदार्थों में मिलावट एवं गंदगी की शिकायत करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम को पत्र लिखिए।

प्रश्न 13 जल–संरक्षण' का आग्रह करते हुए रीना और नीना के बीच संवाद करवाइए।

अथवा

सीमा पर तैनात दो फौजी जवानों की बातों को संवाद रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए। (5)

**************************

https://www.evidyarthi.in/